# प्रगति प्रतिवेदन




## 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक

# ग्रामीण विकास समिति

## बहरीपुर जौनपुर उत्तर प्रदेश

**Mahanth Raj Secretary** Mobile No.9451148948 -9695617348

**Email ID** -gvsjaunpur@gmail.com/ rgvsjaunpur@rediffmail.com

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर एक गैर राजनैतिक गैर अलाभकारी स्वयंसेवी संस्था है जिसका रजिस्ट्रेशन सोसायटी एक्ट 21.1860 के अंतर्गत रजिस्टर्ड है संस्था विगत 20 वर्षों से उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर व प्रतापगढ़ तथा सोनभद्र (रॉबर्टगंज विकास खण्ड के 15 गांवों व बदलापूर विकास खण्ड 30 खुटहन विकास खण्ड के 35 आसपुर देवसरा विकास खण्ड 15 मे सधन रूप अति निर्धन सधन रूप से अति निर्धन असहाय दलित एवं अतिवंचित परिवार के हक अधिकार व सम्मान एवं सामाजिक समरसता व आर्थिक स्वावलंबन के प्रति प्रयासरत है ग्रामीण विकास समिति द्वारा विविघ कार्यक्रम का आयोजन करता है

## संस्था का उद्देश्य

1. देश कि एकता अखंडता शांति व आपसी सद्भाव का विकास हो
2. बालक बालिकाओ कि विविघ विकास हेतु वातावरण तैयार करना
3. ग्रामीण विकास व समाज कल्याण कार्यक्रम के संचालन मे सहयोग करना व शिक्षण प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन करना
4. अल्पसंख्यक परिवार के युवाओ विकास हेतु शिक्षण महिलाओ के स्वावलंबन प्रशिक्षण व विविघ कार्यक्रम को बढ़ाना असहाय उपेक्षित लोगों कि सेवा करना स्वाभिमान व स्वावलंबन कि मूल भूत सुविधाओ को प्रदान करने हेतु शिल्प कुटीर उघोगो व प्रशिक्षणों का संचालन करना
5. पर्यावरण व प्रौघोगिकी विकास कि दृष्टि शोध व प्रचार व प्रसार जल प्रबंधन स्वच्छता साफ सफाई स्थाई कृषि परंपरागत प्रशिक्षण व जागरूक करना

## संस्था विजन

स्वायत्त एवं स्वावलंबी शोषण मुक्त समाज का निर्माण करना

## संस्था का मिशन

चेतना जागृति व संगठन आत्मसम्मान स्वालंबन हेतु प्रेरित करना

## चयनित ग्राम पंचायत / ग्राम

- **मल्लुपुर**
- **अंदीपुर**
- **रतासी**
- **बदलपट्टी**
- **अर्जुनपुर**
- **महदा**
- **बहरीपुर**
- **तुलसीपुर**
- **घाघरपारा**

## कार्यक्रम का उद्देश्य -

- महिलाये अपने संवैधानिक अधिकारो व कर्तव्यों के प्रति जागरूक व जानकार हो पाये
- महिलाये अपने हक अधिकारों को प्राप्त करने के लिए खुद अगुवाई ले सके
- महिलाओ का ग्राम पंचायत ब्लाक स्तर पर सक्रिय महिला संगठन हो जिसकी अगुवाई महिलाये खुद कर रही हो
- महिलाओ का एक ऐसा संगठन हो जो स्वयं अगुवाई एवं कार्य क्रम के केंद्र बिन्दु मे भागीदारी के साथ साथ अपनी जबाब देही भी सुनिश्चित कर सके
- सरकारी योजनाओ तक महिलाओ कि पहुच बनाना जैसे PDS, पेंशन ,मनरेगा ,आवास, शौचालय,श्रमिक कार्ड ,सुमंगल योजना व PM विश्वकर्मा योजना आदि

## संचालित गतिविधिया -

1. चयनित ग्राम पंचायत व पुरवा मे जन संपर्क व योजनाओ को लेकर बैठक करना
2. ग्राम पंचायत व पुरवा स्तर पर समुदाय के साथ कार्यक्रम का उद्देश्य पर चर्चा
3. पारिवारिक अनलाइन सर्वे कार्य करना
4. मजदूर दिवस / श्रमिक दिवस पर बहरीपुर गाँव श्रमिकों के साथ बैठक का आयोजन करना
5. पर्यावरण दिवस का रैली संगोष्ठी समुदाय व बच्चों के साथ करना
6. गाँव व पुरवा स्तर पर बैठक व उनकी समस्याए को चिन्हित करना / लिखना
7. गाँव व पूरवा स्तर पर निकल कर आए समस्याओ के समाधान पर चर्चा करना

## मजदूर दिवस 01/05/2025 -




1 मई मजदूर दिवस ग्राम पंचायत रतासी मे सावित्री नारी संघ एवं वीरांगना नारी संघ रजक बस्ती के दोनो संगठन के साथ कुसुम जी के अध्यक्षता मे बैठक किया गया सर्वप्रथम सभी अपना अपना परिचय दिया तत्पश्चात
कार्य क्रम समन्वयक राकेश कुमार मजदूर दिवस पर चर्चा करते हुए आज के ही दिन 1 मई 1886 मे 8 घंटे कार्य करने के मांग को लेकर आन्दोलन किया हैमार्केट घटना श्रमिक आन्दोलन की ऐतिहासिक बिंदु बने जिसमे 1889 में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में 1 मई को घोषणा की गयी पहली बार 1 मई 1923 को चेन्नई (मद्रास) में मजदूर दिवस मनाया गया, श्रमिक संगठनो में अधिकारों और वेहतर कार्य स्थितियों के लिए आवाज उठायी श्रमिको के अधिकारों और गरिमा को मान्यता देना समाज में समानता और न्याय एवं हितो की रक्षा की प्रेरणा देना श्रमिक कानूनों का सुधार तथा सामाजिक सुरक्षा का अवसर प्रदान करता है **शिवकुमार जी** अपना विचार रखते हुए बताया श्रमिको का योगदान सर्वोपरि है उनकी कड़ी मेहनत और लगन ही किसी भी समाज की प्रगति और आधार शिला होती है ग्रामीण विकास समिति

हमेशा श्रमिको के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाती है और भविष्य में इस दिशा में निरंतर प्रयास करती रहेगी इसके बाद दोनों संगठन के साथ नारा लगाया गया **मजदूर दिवस जिन्दावाद जिन्दावाद ,जो जमीन सरकारी है वो जमीन हमारी है,महिला एकता जिन्दावाद जिन्दावाद वीरांगना नारी संघ आगे बढ़ो आगे बढ़ो,सावित्रीबाई नारी संघ आगे बढ़ो आगे बढ़ो** इस अवसर पर 33 महिला व 6 पुरुष उपस्थित रहे

## पर्यावरण दिवस 05/06/2025

आज दिनांक 5 जून 2025 को ग्राम पंचायत बहरीपुर में ग्रामीण विकास समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया इस अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गयी तत्पश्चात **महंथराज जी** संबोधन में बताया की हमें अपने आस - पास साफ - सफाई का ध्यान रखना चाहिए हमें अपने घरो से निकलने वाले कूड़े को अच्छे से सफाई करनी चाहिए आप सब आज के दिन वृक्ष अवस्य लगाये आप लोग अपनी जेब खर्च से छोटा सा अंश बचाकर




वृक्षा रोपण कर सकते है आप लोग प्लास्टिक का प्रयोग न करे जिससे वातावरण सुद्ध रहेगा पीपल का वृक्ष लगाने से आक्सीजन अधिक मिलता है और हानिकारक गैसों को अवशोषित करते है जबकि पौधे जल को सुद्ध करते है प्राकृतिक संतुलन बनाये रखते है और कई अन्य कार्य करते है **राकेश जी** पर्यवरण के विषय में चर्चा करते हुए बताया की पर्यावरण वह सब कुछ है जो हमें घेरे हुए है और पृथ्वी पर जीवन का आधार है इसमें सभी जीवित (जैविक) घटक जैसे पौधे, जानवर और सूक्ष्मजीव, साथ ही सभी निर्जीव (अजैविक) घटक जैसे हवा, पानी, मिट्टी, सूर्य, का प्रकाश और तापमान शामिल है यह एक सम्पूर्ण परिस्थितिक तंत्र है जहाँ सभी प्राणी रहते है और परस्पर क्रिया करते है पर्यावरण हमारे आस -पास का प्राकृतिक संसार है इसमें वह सब कुछ शामिल है जो हम देखते है जैसे पेड़, नदियाँ, जानवर, हवा और सूरज की रोशनी पर्यावरण हमें साँस लेने के लिए स्वच्छ हवा पिने के लिए ताजा पानी और खाने के लिए स्वस्थ भोजन देकर हमारे जीवन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है हम हर चीज के लिए प्रकृति पर निर्भर है **1.सूखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार2.वृक्ष धरा के आभूषण है करते दूर प्रदुषण है3.मत फैलाओं अब प्रदूषण पर्यावरण का करो संरक्षण** नारा लगाते हुए रैली निकाली गयी कार्यक्रम में 7 पुरुष 15 बच्चे 17 महिलाओ ने भाग लिया संचालन महंथराज जी द्वारा किया गया शिवकुमार, संगीता, अंजू, विवेक जी सहयोग किया

## अगुवाओ का प्रशिक्षण 14/06/2025




अगुवाओ का प्रशिक्षण ग्रामीण विकास समिति के नारी संघ कार्यलय पर किया गया जिसकी अध्यक्षता अर्चना जी ने किया तत्पश्चात सभी सहभागियों ने अपने संगठन के साथ परिचय दिया इसके बाद अंजू संगीता जी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा आये हुये सभी अगुवाओ को उनके कार्य व जिम्मेदारी पर चर्चा किया गया कार्यक्रम समन्वयक राकेश ने संगठन के विषय में बताया संगठन क्यू जरुरी होता है संगठन बनाने की क्यू जरुरत पड़ी तथा उसमे पदाधिकारियों का क्या काम होता है

**संगठन बनाना क्यू जरुरी है** - संगठन के माध्यम से अपने हित में सामूहिक कार्य करना आसान हो जाता है यदि संगठन नहीं हो तो हर नागरिक अकेला कमजोर और असहाय हो जायेगा अत: संगठन के माध्यम से लोग अपनी सुरक्षा के साथ -साथ अपने अधिकारों को भी आसानी से प्राप्त कर सकते है अत: लोकतंत्र में संगठन बनाना बहुत जरुरी है **संगठन के पदाधिकारियो का कार्य**संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजना बनाने निर्णय लेने और संगठन के सदस्यों का मार्गदर्शन करना होता है वे संगठन के दैनिक कार्यो का प्रबंधन करते है और यह सुनिश्चित करते है की सब कुछ सुचारू रूप से चले संगठन के पदाधिकारियो का काम निम्नवत है **1.नेतृत्व** - संगठन के सदस्यों को प्रेरित करना और उन्हें संगठन के लक्ष्यों की दिशा में कार्य करना **2. योजना बनाना** -संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजना बनाना और उन्हें क्रियान्वित करना **3. निर्णय लेना** -संगठन के सामने आने वाली समस्ययाओ का समाधान करने के लिए निर्णय लेना **4. संसाधनों का प्रबंधन** संगठन के संसाधनों (जैसे धन सामग्री,मानव संसाधन) का प्रबंधन करना **5.संचार** संगठन के सदस्यों के बीच प्रभावी संचार सुनिश्चित करना **6.प्रतिनिधित्व** संगठन का प्रतिनिधित्व करना और हित धारको के साथ सम्बन्ध बनाये रखना **7. क़ानूनी अनुपालन**- पदाधिकारी संगठन के लिए कानूनी आवश्यकताओ का पालन सुनिश्चित करते है यही संगठन के पदाधिकारी का मुख्य काम है संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदत करना और संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक कार्यो करना है (सुषमा एकता नारी संघ महदा)(भानमती शहीद नारी संघ) जी अपना अपना विचार रखा और संगठन के उपलब्धियो को बताया तथा अंजू संगीता शिव कुमार जी अपना विचार रखा **संस्था सचिव महंथराज** जी अपना सुझाव देते हुए बताया की आप लोग अपने -अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करे जिससे संगठन चल सके जो भी कार्य हो आप सब नारी संघ कार्यालय पर आकर करवाए ये कार्यालय आप सब का ही है और हम हमारे सभी साथी हमेशा सहयोग करते रहेंगे इस कार्यक्रम में 68 महिला 7 पुरुष उपस्थित रहे

## दो दिवसीय स्टाफ प्रशिक्षण -11/08/2025 से 12/08/2025



**प्रथम दिवस** आज दिनांक 11/08/2025 को स्टाफ प्रशिक्षण ग्रामीण विकास समिति द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया जिसमे प्रशिक्षण का सुरुआत स्वागत गीत से किया गया तत्पश्चात संस्था सचिव **श्री महंथराज** द्वारा सुझाव दिया गया अपने - अपने कार्यो को जिम्मेदारी से निर्वाहन करे हर ग्राम पंचायत के संगठन के साथ बैठक करके उनके सभी कामो को करवाए और उन लोगो का कार्य हो सके **राकेश कुमार कार्यक्रम समन्वयक** ने सभी मुद्दों को जोड़ते हुए बताया कि हम सभी लोग जिस भी संगठन के साथ बैठक करते है वहां Geo App को भरना है जो भी जिस योजना का पात्र है उसको अपडेट करना है जिस संगठन के पास जो समस्या है उसको चिन्हित करके उसको समाधान हो सके तथा प्रशिक्षण के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव **1 लक्ष्य-** सबसे पहले लक्ष्य को निर्धारित करे आप हासिल या करना क्या चाहते है उसी के तहत लक्ष्य रहना चाहिए **2 योजना बनाये-** अपने **लक्ष्यों को** प्राप्त करने के लिए सबसे पहले योजना बनाये और उद्देश्य सामग्री गतिविधियों और मूल्यांकन विधियों को शामिल करे **3 व्यक्तिगत अनुभव-** संगठन के साथ काम करने के लिए आपके पास व्यकिगत अनुभव होना बहुत जरुरी होता है आप कितना शिखा सकते है **4 व्यवहार** जब भी संगठन के साथ बैठक करे उनके साथ अच्छा व्यवहार बनाये ताकी वो लोग आप का विचार सुन सके और अपना विचार रख सके उनके साथ आप का अच्छा व्यवहार होना चाहिए एक दूसरे को समझ सके **5 संगठन का विकास-** संगठन के साथ जुड़ कर ऐसा काम करे की संगठन का विकास हो संगठन मजबूत हो और संगठन के सदस्यों का भी विकास हो तथा समुदायों को सशक्त बनाने के किये मदत कर सके तत्पश्चात शिवकुमार जी अपना विचार रखा और अपने ग्राम पंचायत में हुए उपलब्धियों को बताया इसके बाद प्रथम दिन का समापन किया गया

**द्वितीय दिन** -सबसे पहले रामकृष्ण जी ने एक गीत प्रस्तुत किया तथा अपना विचार रखते हुए सीखनेऔर सिखाने के लिए कहाँ और सभी को संगठन में रह कर कार्य करना चाहिए जो एक दूसरे का पूरक हो जिसमे सामाजिक कार्य हो सके **प्रशिक्षण के लाभ- (aa )**संगठन के मिशन और दृष्टि को मजबूत करना **(b)** पंचीकरण और अनुपालन प्रक्रियाओं को पूरा करने में सहायता प्रदान **(c)** कार्यकर्ताओं कौशल और विशेषता में वृध्दि **(dd )**संगठन में धन जुटाने और परियोजना प्रबंधन की दक्षता में सुधार **(ee )**संगठन के माध्यम से सामाजिक प्रभाव और जागरूकता में वृध्दि **संगठन क्या है-** संगठन दो या दो से अधिक व्यक्तियों का एक संरचित समूह होता है जो किसी साझा लक्ष्य या उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एक साथ मिलकर काम करते है इसमें लोगो और उनके बीच के सम्बन्धो की एक व्यवस्था शामिल होती है जहाँ कार्यो और उत्तर दायित्व का विभाजन

किया जाता है और समन्वय किया जाता है यह एक इकाई जैसे होता है संगठन समूह लोगो के लिए होता है
**संरचित ढाचा -** यह लोगो को एक व्यवस्थित तरीके से जोड़ता है जिससे वे तालमेल मिलाकर काम करते है
**अंतर सम्बन्ध और समन्वय-** इसमें व्यक्तिओं और विभागों के बीच सम्बन्धो को नियमित और समन्वित किया जाता है ताकि एक एकीकृत इकाई के रूप कार्य किया जाता

**संसाधनों का उपयोग -** संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मानव वित्तीय और अन्य संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करता है तत्पश्चात **महंथराज** सभी को काम करने के तरीका पर चर्चा किया तथा महिलाओं के हक़ अधिकार पर एक्सन के साथ काम करने की जरुरत है प्रशिक्षण में सभी कार्यकर्ता दोनों दिन उपस्थित रहे

**15 अगस्त स्वत्रंता दिवस कार्यक्रम**- 15 अगस्त 2025 को संस्था कार्यालय पर बनाया गया स्वतंत्रता दिवस




पर संस्था सचिव **श्री महंथ राज** जी अपना विचार रखते हुए बताया की हमारे देश को आजाद कराने में हमारे महापुरुषों का बहुत बड़ा योगदान है हमारा पूरा देश हमारे महापुरुषों के लिए हमेशा आभारी रहेगा हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था तत्पश्चात **संगीता अंजू** जी गीत प्रस्तुत किया गीत के बोल था कर चले हम फिदा जाने तन साथियों अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों कार्यक्रम समन्वक **राकेश कुमाrर राव**जी अपना बात रखते हुए बताया की 15 अगस्त भारत में स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है क्योकि इसी दिन 1947 में भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी यह दिन भारत के ब्रिटिश उपनिवेशवाद से मुक्त होने और एक स्वतंत्र राष्ट के रूप में अपनी शुरुआत का प्रतीक है इस दिन देश भर में देशभक्ति और उत्सव के साथ स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाती है ! संस्था सचिव सभी को सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कार्यक्रम समापन की घोषणा किये

**2 अक्टूबर गाँधी जयंती स्वच्छता कार्यक्रम** आज दिनांक 2 अक्टूबर को ख्वाजा नारी संघ के साथ गाँधी जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजन किया गया जिसमे बैठक के माध्यम गाँधी जी के जीवन पर चर्चा करते हुए उनके योगदानो को बाताया यह सब चर्चा shivshishiशिवकुमार जी किया **तनिशा(ख्वाजा नारी संघ अध्यक्ष)**जी अपना विचार रखाते हुए बताया की हम लोग जी भी काम होता है उसको करवाने के नारी संघ कार्यलय पर जाकर करवाते




है और जो काम यंहा से नहीं होता है हम सभी ग्रामीण विकास समिति से साथी से के साथ तहसील पर

जाकर अपना काम करवाते है जब से यंहा नारी संघ का बैठक होने लगी हम सभी को बहुत जानकारी होने लगी उसके तुरंत बाद कार्यक्रम समन्वयक **राकेश राव** जी बताया की जीवन में स्वस्थ के लिए (साफ-सफाई) रखना बहुत ज़रूरी है और अपने घrrर के आस पास कूड़ा करकट इकट्ठा न होने दे नल के पास साफ सुथरा रखे और जल भराव न होने पायें जिससे संक्रमित रोगों से बचा जा सके I|

**स्वच्छ भारत दिवस का महत्व**

1. **स्वच्छता और सेवा सेवा का प्रतीक**इस दिन को महात्मा गाँधी की स्मृति में स्वच्छता और सेवा के रूप में मनाया जाता है|
2. **खुले में शौच को समाप्त करना**इसका एक मुख्य लक्ष्य खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करना है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है |
3. **जागरूकता बढ़ाना** यह अभियान स्वच्छता के महत्त्व के बारे में नागरिको के जागरूकता पैदा करता है और उन्हें स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है |
4. **स्वच्छ वातावरण** यह गलियों, सड़को और सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने और वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने पर जोर देता है |
5. **सार्वजानिक स्वास्थ्य में सुधार**स्वच्छता में सुधार से डेंगू टाईफाइट और हैजा जैसी बीमारियों के प्रसार को कम करने में मदद मिलती है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार होता है |
6. **नागरिक जिम्मेदारी** स्वच्छ भारत अभियान ने प्रत्येक नागरिक में नागरिक जिम्मेदारी और गौरव की भावना को बढ़ावा दिया है |
7. **आर्थिक विकास** स्वच्छ और टिकाऊ भारत एक मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक है और यह मिशन भारत की विकास गाथा के लिए एक स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने में मदद करता है |

इसके बाद सभी लोगों के साथ सफाई कर के दिखाया इस बैठक में 16 महिलाये और साथ पुरुष ने भाग लिया

**ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम 11/10/2025**आज दिनांक 11-10-2025 को ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन



किया गया जिसकी सुरुआत प्रार्थाना से किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम का अध्यक्ष शोभावती (वीरांगना नारी संघ) तथा उपाध्यक्ष जुवेदा को चुना गया उसके बाद अंजू,संगीता,विवेक जी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया **मीना मौर्या (आ. बा.)** मीना मौर्या ने अपना विचार रखते हुए बताया की ग्रामीण विकास समिति बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है आप लोग नारी संघ कार्यालय पर आकर जो भी कार्य है करवाया कीजिये और उन्होंने बच्चो को मिलने वाला पोषाहार के विषय में चर्चा किया और और कब तक मिलता है पात्रता भी बताया तथा बताया की आप लोग अपने बच्चो को आगनबाडी केंद्र में नाम अवश्य लिखवाए और पढ़ने भी भेजे **विवेक कुमार** विवेक जी नारी संघ कार्यालय को लेकर अपनी बात रखी और प्रतेक सरकारी योजनाओ में लगने वाले दस्तावेज पर जानकारी दी और बताया अगर जो भी कार्य यहाँ से नहीं हो पायेगा

हम लोग ब्लाक या तहसील से करवाने का प्रयास करेंगे **शिवकुमार** शिवकुमार जी कर्यक्रम में उपस्थित सभी अगुवाओ को ब्लाक व तहसील के समक्ष अधिकारी व कर्मचारी कअ मोबाईल नम्बर उपलब्ध करवाया और बताया की जो भी कार्य नहीं हुआ है उसको आप लोग चिन्हित करवा दे उसके बाद सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन मांग किया जायेगा तभी उसका निवारण हो पायेगा

**सीमा (उजाला नारी)** सीमा जी ने बताया की हमारे संगठन के सभी लोग अपना कार्य करवाने के लिए नारी संघ कार्यालय पर आते है और अपना सभी कार्य करवाते है जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि सभी सरकारी योजनाओ करवाने के लिए आते है

**संगीता** संगीता जी ग्राम पंचायत में हुए कार्यो का उल्लेख किया जो अभी तक नहीं हो पाया है उसको चिन्हित भी किया और नारी संघ कार्यालय में आकर आवेदन करने के लिए प्रेरित किया

**राकेश राव (Project Coordinator)** राकेश राव अपना विचार रखते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर चर्चा किया तथा सरकारी योजनाओ को लेकर अपनी बात रखी

**कार्यक्रम का उद्देश्य -**

- केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी व जन -जन तक पहुचाना
- योजनाओ के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही समस्याओ की पहचान पर चर्चा किया गया
- पात्र लाभार्थियों को योजनाओ से जोड़ने पर चर्चा एवं रणनीति बनाने पर विचार
- विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करना तथा योजनाओ को लेकर चर्चा किया
- मनरेगा जाब कार्ड ,मजदूरी एवं काम को लेकर चर्चा किया
- पेंशन योजनाये (वृद्धा,विधवा,दिव्यांग)
- राशन कार्ड एवं राशन वितरण तथा खाघ सुरक्षा योजना पर चर्चा
- स्वयं सहायता समूह एवं आजीविका मिशन पर चर्चा किया तथा अपना विचार रखा

**निष्कर्ष-** ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम सरकारी योजनाओ को जमीनी स्तर तक पहुचाने का सशक्त माध्यम है एसे कार्यक्रमों से प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होता है तथा योजनाओ का वास्तविक लाभ जरुरत मंदों तक पहुचाया जा सकता है | इस कार्यक्रम में 43 संगठन के अगुआ व 7 स्टाफ के लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अंजू जी ने किया |

**आभार** संस्था सचिव श्री महंथ राज जी कार्य क्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी का प्रशिक्षको, आयोजको एवं प्रतिभागियो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित एवं आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा किया

**बाल दिवस का आयोजन -** आज दिनांक 14-11-2025 को ग्रामीण विकास समिति द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत रतासी के पंचायत भवन में महिला हिंसा व बाल दिवस का आयोजन किया गया जीसमे मुख्य रूप से शारीरिक हिंसा मानसिक उत्पीडन बचाव हेतु धारा पर चर्चा किया गया तथा घरेलु हिंसा की शिकार महिला को कोर्ट से मिलाने वाली सुरक्षा पर चर्चा किया गया



इसके साथ बाल दिवस पर सभी बच्चो को संस्था सचिव श्री महंथ राज जी बच्चो के हक़ अधिकार के विषय में बताया और बच्चो के उज्जवल भविष्य के लिए कमाना किये तत्पश्चत

**प्रधानाध्यापक श्री शैलेन्द्र शुक्ला**जी बाल दिवस पर चर्चा करते हुए बताया की भारत में बाल दिवस 14 नवम्बर को इस लिए मनाया जाता है इस दीन हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी जयंती के अवसर पर मनाया जाता है नेहरू जी बच्चो से बहुत प्यार करते थे इसलिए उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जाना जाता है उनका मुख्य उद्देश्य बच्चो के अधिकारों व शिक्षा और उनके विकास के प्रति जागरूकता बढाया तथा बच्चो की शिक्षा को बढ़ावा देना कार्यक्रम के दौरान चाचा नेहरू के जीवन उनके विचारो एवं बच्चो के प्रति उनके स्नेह के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही बच्चो को स्वच्छता शिक्षा एवं अनुशासन का महत्व समझाया गया उसके बाद बच्चो के साथ रैली निकाली गयी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इससे बच्चो का मनोबल बढ़ा उनमे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली

**उपस्थित गणमान्य** कार्यक्रम में शिक्षक गण आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता अभिभावक स्थानीय जनप्रतिनिधिय उपस्थित रहे सभी ने बच्चो को आशीर्वाद देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

**निष्कर्ष -** बाल दिवस कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणा दायक रहा बच्चो के चेहरों पर ख़ुशी और उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चो के मानसिक शारीरिक एवं सामाजिक विकास में सहायक सिद्ध होते है |

**दो दिवसीय विभिन्न योजनाओ को लेकर कार्यक्रम**




**प्रथम दिवस** -आज दिनांक 18-12-2025 को ग्रामीण विकास समिति के कार्यालय पर ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओ के लेकर अगुवाओ का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया कार्यक्रम की सुरुआत प्रार्थाना से किया गया जिसकी बोल थी खुशहाल यहाँ पर हर जन हो सुख शांति से पूरण जीवन हो से किया गया तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी को जमीनी स्तर तक पहुचाने तथा मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओ की विस्तृत जानकारी देना तथा उन्हें आम जनता को जागरूक करने के लिए चर्चा किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम समन्वयक राकेश राव द्वारा कार्यक्रम के उदेश्य पर विचार रखते हुए सरकार की प्रमुख योजनाओ पर जमीनी स्तर पर जुड़ाव को लेकर विस्तृत चर्चा किया **जैसे - प्रधानमंत्री आवास योजना**

- आयुष्मान भारत योजना
- उज्ज्वला योजना
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना
- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन आदि पर विस्तार से जानकारी दी गयी सत्र के दौरान योजनाओ की पात्रता आवेदन प्रक्रिया आवश्यक दस्तावेज तथा लाभार्थियों को

मिलने वाले लाभों पर चर्चा की गयी प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाये रखी जिसकी विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया इसके बाद

**अन्जू** जी अपना विचार रखते हुये अपने ग्राम पंचायत में हुए कार्यो बताया और जो नहीं हुए है उनका दस्तावेज बन गया है उनका आवेदन करवाने के लिए नारी संघ कार्यालय पर आने के लिए बताया

**दोपहर 1:30 पर लंच किया गया**

लंच के बाद कार्यक्रम को पुनः प्रारम्भ करते हुए **विवेक कुमार** जी अपना विचार रखते कार्यक्रम में आये हुए सभी प्रतिभागियों को बताया की आप लोग जो भी आवेदन करवाने के लिए नारी संघ कार्यालय रतासी पर आये जिससे पात्र लोगो लाभ मिल सके इसके बाद संस्था सचिव श्री महंथ राज जी सभी मिद्दो को जोड़ा और कार्यक्रम में आये हुए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद करते हुए पहले दिन का कार्य क्रम का समापन किया

**द्वितीय दिवस 19-12-2025** द्वितीय दिवस कार्यक्रम का सुरुआत स्वागत गीत से प्रारम्भ किया गीत का बोल था कैसा स्वागत आप का हम सब करे तत्पश्चात संस्था सचिव श्री महंथ राज जी द्वारा बताया गया की योजनाओ के जमीनी क्रियान्वयन एवं जन जागरूकता अभियान तथा समस्याओ के समाधान पर विशेष चर्चा किया एवं कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को समझया की वे किस प्रकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो में आम नागरिको तक योजनाओ की जानकारी पंहुचा सकते है इसके लिए अतिरिक्त डिजिटल माध्यम से आवेदन प्रक्रिया आनलाइन पोर्टल का उपयोग तथा शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी भी दिया **प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य- 1** केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी प्रदान करना **2.** योजनाओ के क्रियान्वयन की प्रक्रिया , पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजो की जानकारी देना **3.** स्थानीय समस्याओ के समाधान हेतु अगुवाओ की भूमिका को सशक्त बनाना

**4.** सरकार और जनता के बीच सेतु के रूप में अगुवाओ की क्षमता का विकास करना

**5.** सरकारी योजनाओ की सही और पूर्ण जानकारी देना **6.** अगुवाओ को योजनाओ के प्रचार प्रसार हेतु प्रशिक्षित करना **7.** आम जनता को योजनाओ का अधिकतम लाभ दिलाना

जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओ का सामाधान खोजने की क्षमता विकसित करना

**प्रशिक्षण की कार्य प्रणाली** -प्रशिक्षण सत्र में विशेष वक्ताओ द्वारा व्याख्यान समूह चर्चा प्रश्नोत्तर सत्र एवं व्यवहारिक उदाहरण के माध्यम से जानकारी दी गयी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किये और स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओ पर चर्चा किया गया

**प्रमुख विषय** - दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान निम्नलिखित प्रमुख विषयो पर सत्र आयोजित किये गए

- **सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना**
- मनरेगा योजना
- राशन कार्ड
- मुख्यमंत्री सुमंगला योजना
- उज्ज्वला योजना

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना
- आयुष्मान भारत योजना
- प्रधानमंत्री आवास योजना
- स्वच्छ भारत मिशन , स्वरोजगार एवं आजीविका से जुडी सभी योजनाओ की पात्रता आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गयी

**उपलब्धियाँ-** अगुवाओ को सरकारी योजनाओ की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हुयी प्रतिभागियों में जनसेवा के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित हुयी तथा योजनाओ के प्रभावी प्रचार - प्रसार हुआ एवं लाभ दिलाने में सहयोग कर सकते है |

**प्रतिभागियों की भूमिका -**प्रशिक्षण में उपस्थित सभी आगुवाओ ने सक्रीय सहभागिता निभाई उन्होंने अपने - अपने क्षेत्रो की समस्याओ को साझा किया तथा योजनाओ के सफल क्रियान्वयन हेतु सुझाव दिए तथा **162** संगठन अगुवा एवं स्टाफ के सभी साथी उपस्थित रहे दोनों दिन कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार जी किया **निष्कर्ष** दो दिवसीय कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा इस प्रशिक्षण में अगुवाओ में सरकारी योजनाओ के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ी उन्हें जनता और सरकार के बीच सेतु के रूप में कार्य करने की प्रेरणा मिली

**आभार -** कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रशिक्षको, आयोजको एवं प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम समापन की घोषणा किया |

**ग्रामीण विकास समिति द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया *77* वा गणतंत्र दिवस**

आज दिनांक 26/01/2026 को ग्रामीण विकास समिति द्वारा *77* वें गणतंत्र दिवस पर पंचायत भवन महदा में मनाया गया कार्यक्रम की सुरुआत राष्ट्रगान एवं ध्वजारोहण के साथ किया गया तत्पश्चात संस्था सचिव श्री महंथ राज जी द्वारा संविधान की महत्ता लोकतंत्र समानता स्वतंत्रता एवं सामाजिक न्याय पर अपने विचार व्यक्त किये इसके बाद **शिवकुमार जी** द्वारा सरकारी योजनाओ की जानकारी एवं ग्राम विकास स्वच्छता शिक्षा स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विषयो पर चर्चा किया इसके बाद **कार्यक्रम समन्वयक राकेश राव** के द्वारा संविधान के मूल्यों अधिकारों एवं कर्तव्यो की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक विकास पर चर्चा किया संगीता, अंजू जी द्वारा राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में एकता नारी संघ के सभी अगुवा तथा ग्राम प्रधान रवि मोर्य भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का का सकुशल संचालन रामकृष्ण मौर्य ने किया



**ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम दलित महिला मंच**




आज दिनांक **10.02.2026** को ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम पंचायत भवन महदा में जलेखा के अध्यक्षता में किया गया

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अगुवाओ के साथ समन्वयक स्थापित करना सरकारी योजनाओ की जानकारी साझा करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु रणनीति तैयार करना साथ ही अगुवाओ की भूमिका को सशक्त बनाना एवं जन समस्याओ पर चर्चा करना कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओ जैसे शिक्षा स्वास्थ्य महिला सशक्तिकरण आजीविका एवं सामाजिक सुरक्षा योजना पर विस्तार से चर्चा किया गया अगुवाओ ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओ चुनौतियों एवं अनुभवों को साझा किया तत्पश्चात **कार्यक्रम समन्वयक राकेश राव** अपना विचार रखते हुए संस्था द्वारा किये गए कार्य को बताया तथा योजना के लाभ आम जनता तक पहुचाने में अगुवाओ की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया तथा अगुवाओ के कार्य व जिम्मेदारी के विभिन्न पहलुओ पर चर्चा किया गया एवं जीवन के विभिन्न क्षेत्रो में जिम्मेदारियो पर सक्रिय रहने पर चर्चा किया

**शिव कुमार (CLLWW)** जी द्वारा संगठन पर चर्चा करते हुए सभी ग्राम पंचायत में हुए कार्यो को बताया तथा ब्लाक स्तर पर संगठन के माध्यम से कार्य को करवाने के लिए प्रकाश डाला गया और सभी अगुवाओ को सक्रिय रूप से कार्य करवाने के लिए जोर डाला गया **अंजू (CLLWW)** जी द्वारा सार्वजनिक समस्याओ को लेकर विचार व्यक्त किया और नारी संघ के अगुवाओ को पहल के लिए बताया इसके साथ कार्य पर जोर दिया और एक गीत प्रस्तुत किया **रवि मौर्य (प्रधान)** रवि जी द्वारा बताया गया ग्रामीण विकास समिति बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है आप लोग सभी महिलाये हमेशा संगठित होकर रहो जो भी कार्य हो हम हमेशा करवाने के लिए के लिए तैयार है कोई समस्या हो उसको नारी संघ कार्यालय पर जाकर अवश्य करवाये

**नीलम (जन जागृति फाउंडेशन)** नीलम जी अपना विचार रखते हुए बताया अपना हक़ अधिकार के लिए कभी पीछे नहीं हटना चाहिए आप लोग संगठन में रह कर आप सब आर्थिक मजबूती पर ध्यान देना अति आवश्यक है और साथ-साथ अपने बच्चो को शिक्षित करने का प्रयास करना है इससे सभी को ध्यान रखना जरुरी है **संगीता (CLLWW)** महिलाओ को सामाजिक, आर्थिक,शैक्षिक एवं सशक्तिकरण को उनके अधिकारों,सरकारी योजनाओ तक पहुचने के लिए आवेदन करवाना होगा और सभी को संगठन में रहकर अपने काम को मांग करने की अति आवश्यक है साथ-साथ

तहसील व ब्लाक पर जाने के लिए अकेले न जाकर समूह में जाने से आप का काम सबसे पहले होगा वह चाहे राशन कार्ड हो या पेंशन हो या कोई भी योजना हो इससे आप काम अवश्य होगा **संस्था सचिव श्री महंथ राज** सचिव जी अपना काम जो भी हो नारी संघ कार्यालय से हमेशा करवाए इससे आप लोगो का मनोबल बढ़ता रहेगा जो भी कार्य हो आप सब आकर अवश्य पंजीकृत करवाये औए सामाजिक, आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान कर सके|

**कार्यक्रम का उद्देश्य {1}** दलित महिलाओ को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना

**{2}** सरकारी योजनाओ **(जैसे पेंशन,आवास,स्वास्थ्य,शिक्षा)**की जानकारी देना

**{3}** महिलाओ को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना

**{4}** सामाजिक भेद भाव एवं हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना

**{5}** महिलाओ के अधिकारों पर संवाद

कार्यक्रम में आये हुए महिलाओ न अपने अनुभव साझा किये तथा अपनी समस्याओ को सामने रखा इस दौरान समाधान के लिए सुझाव भी दिये गये

1. महिलाओ में जागरूकता का स्तर बढ़ा
2. सरकारी योजनाओ के प्रति रूचि बढ़ी
3. महिलाओ ने अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता दिखाई

**निष्कर्ष** यह कार्यक्रम महिलाओ के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ भविष्य में भी एसे कार्यक्रमो का आयोजन आवश्यक है ताकि महिलाये समाज में आत्मनिर्भर और सशक्त बन सके कार्यक्रम का सकुशल संचालन रामकृष्ण मौर्य ने किया कार्यक्रम में महिला,पुरुष मिलाकर 111 लोग उपस्थित रहे

**दो दिवसीय स्टाफ प्रशिक्षण 19.02.2026 से 20.02.2026**

**प्रस्तावना प्रथम दिवस** संस्था द्वारा कार्य की गुणवक्ता में सुधार तथा स्टाफ की क्षमता वृध्दि के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास समिति के कार्यालय पर आयोजन किया गया इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्टाफ को नयी जानकारी कौशल एवं कार्य पध्दतियों से अवगत कराना था



ताकि वे अपने क्षेत्र में बेहतर तरीके से कार्य कर सके प्रशिक्षण के प्रथम दिन कार्यक्रम का

शुभारम्भ परिचय सत्र के साथ किया गया सभी प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षको का परिचय कराया गया **सुनील कुमार (SABFS)** संस्था के उद्देश्य एवं कार्य क्षेत्र जानकारी दिया एवं सरकारी योजनाओ (जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास पर चर्चा किया कर क्षेत्र माने वाली समस्याओ को पहचान करना अति आवश्यक है)तथा समूह चर्चा के माध्यम से समाधान खोजने का प्रयास करना चाहिए

**मुख्य सीख** जहाँ भी आप जा रहे है उनके किस विषय/योजनाओ के बारे में बात करने वाले हो या कर रहे हो उस योजनाओ को सही तरीके से आप को जानकारी हो तभी समुदाय तक जानकारी पहुचना चाहिये इसके बाद उनके व समुदाय के समस्याओ को समझ उनका समाधान निकालने का प्रयास करना चाहिए जिसके लिए उन लोगो का लाभ दिलवाने में मदद मिल सके और संगठन में जुडाव हो सके **संस्था सचिव महंथ राज जी** प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर चर्चा किया उन्होंने बताया कि स्टाफ के ज्ञान एवं कौशल का विकास करना सरकारी योजनाओ एवं परियोजनाओ की विस्तृत जानकारी देना तथा कार्य निष्पादन में सुधार लाना एवं रिपोर्ट लेखन एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करना सभी का ध्यान देना आवश्यक होता है

**राज कपूर** स्टाफ प्रशिक्षण का बहुत बड़ा योगदान होता है जिससे सभी को नया,नया कार्य करने का तरीका सिखने को मिलता है

1. हर कार्य का उद्देश्य साफ होना चाहिए
2. पहले से योजना (Planning) बनाकर काम करना
3. साप्ताहिक टारगेट तय करना
4. स्टाफ को पूरी जानकारी और अपडेट देना
5. नयी योजनाओ/प्रक्रियाओ पर नियमित ट्रेनिंग
6. काम से जुडी गाइडलाइन स्पष्ट करना
7. समय पर पाबन्दी
8. अपनी जिम्मेदारी को समझना
9. सही और समय पर रिपोर्ट बनाना
10. डेटा को सही तरीके से रखना
11. मोबाईल/येप्स के माध्यम से रिपोर्टिंग
12. डिजिटल रिकार्ड रखना

उपरोक्त सभी बिन्दुओ का पालन करना बहुत ही महत्त्वपूर्ण है जार कार्यकर्ता को इसका अनुपालन करना चाहिए

**दूसरा दिन** दुसरे दिन प्रशिक्षण का फोकस व्यवहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास पर रहा

**मुख्य गतिविधियाँ (1)** समूह चर्चा (Group Discussion) **(2)** व्याख्यान (Lecture Method) **(3)** प्रेजेंटेशन, केस स्टडी, प्रैक्टिकल अभ्यास

**प्रमुख उपलब्धिया** प्रशिक्षण के दौरान चुनौतियों समय प्रबंधन की समस्या कुछ प्रतिभागियों को विषय समझने में कठिनाई सिमित संसाधन प्रश्न उत्तर एवं फीडबैक सत्र के दौरान सभी स्टाफ प्रश्न किये और उसपे डिस्कस किया गया भविष्य में एसे प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित होना चाहिए अधिक प्रैक्टिकल एवं फिल्ड आधारित सत्र शामिल किये जाना चाहिए प्रशिक्षण अवधी को बढाना जाना चाहिए सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाना चाहिए संगीता जी ने एक संगठन गीत प्रस्तुत किया जिसका बोल था आवा मिल संगठन बनायीं विकास अपनाई बहना इसके बाद अंजू जी गीत गाया दोनों दिन सभी स्टाफ प्रशिक्षण में उपस्थित रहे

**निष्कर्ष** दो दिवसीय स्टाफ प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस प्रशिक्षण से स्टाफ के ज्ञान कौशल एवं कार्य क्षमता में सकारात्मक सुधार देखने को मिला भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे

**सावित्रीबाई फुले परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम**




आज दिनांक 10.03.2026 को महान समाज सुधारिका एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत रतासी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उनके जीवन शिक्षा के प्रति उनके योगदान तथा समाज में महिलाओ के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था कार्यक्रम की सुरुआत सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित के साथ की गयी तत्पश्चात राकेश राव जी ने उनके जीवन सघर्ष, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान तथा महिलाओ और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के किये किये गए कार्यो के बारे में विस्तार से बताया **संस्था सचिव श्री महंथराज** जी ने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने उस समय में महिलाओ की शिक्षा के लिए कार्य किया जब समाज में लडकियों को पढ़ाना उचित नहीं माना जाता था उन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर समाज में शिक्षा और समानता का सन्देश फैलाया **संगीता** जी उनके जीवन पर चर्चा करते हुए बताया की जब समाज में घर से निकलने नहीं दिया जाता था तब उन्होंने घर-घर जाकर हम सब महिलाओ को पढ़ने का अधिकार दिलाया

**अंजू** जी ने बतया कि यहाँ पर जितने लोग उपस्थित है सब लोग संकल्प ले कि अपने बच्चो को जरुर पढ़ाउंगी **मुख्य विन्दु**

- महिलाओ की शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गयी
- समाज में समानता और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया

- युवाओ को सावित्रीबाई फुले के आदर्शो को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया

**प्रतिभागी** कार्यक्रम में संस्था के सभी साथी व संगठन के अगुआ ग्राम की महिलाये एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे **निष्कर्ष** कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सावित्रीबाई फुले के विचारो को समाज में आगे बढ़ाने तथा शिक्षा और समानता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया कार्यक्राम का संचालन शिवकुमार जी किया इस प्रकार कार्यक्रम सफलता पूर्वक सपन्न हुआ

**विद्यालय चलो अभियान एवं स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम**



विद्यालय चलो अभियान का उद्देश्य क्षेत्र के सभी बच्चो को शिक्षा से जोड़ने एवं स्कूल में नामांकन सुनिश्चित करना है इस अभियान के माध्यम से अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया तथा बच्चो नियमित विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया गया यह अभियान **बहरीपुर, रतासी, अर्जुनपुर महदा मल्लूपुर** सभी पांच ग्राम पंचायत में चलाया गया

**उद्देश्य**

- सभी बच्चो का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना
- स्कूल छोड़ चुके बच्चो को पुनः शिक्षा से जोड़ना
- अभिभावको में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना
- बाल श्रम को रोकना एवं शिक्षा को बढ़ावा देना

**आयोजित गतिविधिया**

- गाँव में रैली एवं प्रभात फेरी निकाली गई
- घर-घर जाकर बच्चो का सर्वे किया गया
- अभिभावको के साथ बैठक आयोजित की गई
- नामांकन अभियान चलाया गया
- पोस्टर बैनर एवं नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई
- बाल श्रम कम करना
- ग्राम पंचायत और आंगनबाड़ी के सहयोग से कार्य करना
- गुणवक्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना

**सहभगिता** इस आभियान में छात्र-छात्रऐ अभिभावक ग्राम प्रधान एवं स्थानीय नागरिको ने सक्रिय भागीदारी निभाई

**परिणाम**

1. कई ड्राप आउट बच्चो को पुनः विद्यालय से जोड़ा गया
2. अभिभावकों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुयी
3. विद्यालय में बच्चो की उपस्थिति में वृद्धि देखी गयी

**समस्याए** कुछ अभिभावकों में जागरूकता की कमी,आर्थिक कारणों से बच्चो का काम में लगना , विद्यालय दूर स्थान पर होने के कारण पहुचने में कठिनाई

**प्रमुख नारे सब पढ़े , सब बढे**

**हर बच्चा स्कूल जायेगा देश आगे बढ़ जायेगा**

**बेटी पढेगी देश बढेंगा , शिक्षा है सबका अधिकार**

**स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता**विद्यालय चलो आभियान के साथ साथ स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्य क्रम भी किया गया इससे लोगो को स्वच्छता के महत्व एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी आदतों के प्रति जागरूक किया गया इस कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय को साफ सफाई पोषण और रोगों से बचाव के बारे में जानकारी दी गयी

**परिणाम**

1. लोगो में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी
2. बच्चो में नियमित हाथ धोने की आदत विकसित हुयी
3. गाँव / विद्यालय परिसर में साफ - सफाई में सुधार हुआ
4. स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी में वृद्धि हुयी

**समस्या**

कुछ लोगो में जागरूकता की कमी , साफ - सफाई के संसाधनों की कमी , नियमित आदतों को अपनाने में कठिनाई

**निष्कर्ष** विद्यालय चलो अभियान एक सफल पहल सावित हुआ इसके माध्यम से बच्चो को शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाये जाने की आवश्यकता है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे

## सफलताये -

**5 ग्राम पंचायत के बहरीपुर मे 126 नया जॉब कार्ड आवेदन 119 जॉब कार्ड मे सदस्य बढ़वाने के आवेदन किया गया 174 लोगों का मनरेगा मे काम दिलवाया गया 115नया राशन कार्ड आवेदन किया गया 72 राशन कार्ड मे यूनिट नारी संघ के माध्यम से बढ़वाने के आवेदन किया गया 159 लोगों का पेंशन आवेदन किया गया जिसमे 107 लोगों का आना सुरू हो गया तथा 58 श्रमिक कार्ड बना एवं अज़ीम प्रेम जी स्कालरशिप मे 124 लड़कियों का आवेदन किया गया तथा कन्या सुमंगला योजना 84 बच्ची का जुड़ाव हुआ पी यम किसान सम्माननिधी 10 लोगों का आवेदन हुआ तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मे 27 लोगों का हुआ**

**केश स्टडी-**

**<u>संगठन कि सफलता कि कहानी</u> जनपद जौनपुर के विकास खण्ड बदलापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहरीपुर के तलवा बस्ती में जिसमे आज तक रोड नहीं बना था जिसमे लोगों को आने जाने मे बहुत दिक्कत होती थी बरसात मे बहुत ही कठिनाओ का सामना करना पड़ता था किसी कि तवीयत खराब होता था तो चारपाई पर रोड तक लेकर आना पड़ता था जिसको लेकर कई बार प्रधान से मिल कर**

**बताया गया फिर भी प्रधान जी ने  ध्यान नहीं इधर उधर कह कर बात को टाल देते थे  आशा, रेखा, सुशीला, मालती, रीता, रीमा आदि (शहीद नारी संघ) के महिलाओ ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भी जाकर अप्लीकेशन दिया गया कई बार ब्लाक पर संगठन द्वारा जाया गया उसके बाद संगठन के हुंकार से प्रधान के सहयोग से पिच रोड से तलवा बस्ती तथा बाबा साहब पूर्ति तक इंटरलाकिंग मार्च माह मे निर्माण हुआ**

**प्रेरणा स्रोत**

[1]  जिला नेहरू युवा केंद्र जौनपुर  [2]  उपवन उत्तर प्रदेश

[3]  कासा उत्तर प्रदेश  [4]  नालंदा उत्तर प्रदेश

[5]  साथी उत्तर प्रदेश  [6]  आई यस आई नई दिल्ली

[7]  आई यस डी नई दिल्ली  [9]  पीस नई दिल्ली

**वित्तीय स्रोत**

[1] अजीम प्रेम जी बैंगलुरु [2] जी जी यफ युनायटेड किंगडम [3] सी सी यफ डी फ्रांस

[4] दान चन्दा  [5] सदस्यता

**चुनौतिया**

[1] सामाजिक कुरीतिया [2] उत्पीड़न शोषण / महिला असमानता [3] सामाजिक गैर बराबरी

[4] बेरोजगारी व निर्धनता [5] अशिक्षा व जागरूकता कि कमी [6] भूमि हीनता

**भावी कार्यक्रम**

[1] महिला सशक्ति कार्यक्रम  [2] स्वरोजगार प्रशिक्षण व परंपरागत जैविक संरक्षण

[3] स्थानीय स्वशासन / पंचायत मे महिला भागीदारी  [4] भूमि अधिकार

[5] बालिका शिक्षा / बाल अधिकार  [6] स्वास्थ्य व पर्यावरण

**फोटो गैलरी**


ब्लॉक स्तरीय महिला सम्मेलन
vivo Y200e


vivo Y200e


ग्रामीण विकास समिति
महिला सशक्तिकरण का
(ERW)
8-2-2025
vivo Y200e


ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम
अगुवाओं का प्रशिक्षण
vivo Y200e


ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम
(ERW)
नारी संघ की बैठक
3-9-2025
तुलसीपुर
vivo Y200e


ब्लॉक स्तरीय बैठक
नारी संघ
vivo Y200e


(ERW)
vivo Y200e


ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम
(ERW)
vivo Y200e


ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम
(ERW)
नारी संघ की बैठक
vivo Y200e


ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम
(ERW)
विश्व पर्यावरण दिवस बैठक
5-6-2025 स्थान- बहरीपुर
ग्रामीण विकास समिति, बहरीपुर, जौनपुर, उ.प्र.
vivo Y200e


vivo Y200e




नशा मुक्ति जागरूकता अभियान
कार्यक्रम
स्थान- महदा
दिनांक- 3-5-2025
आयोजक-
vivo Y200e


लू / तापघात (हीटवेव) से बचाव हेतु
जागरूकता कार्यक्रम 2025
vivo Y200e


(ERW)
बैठक
vivo Y200e


vivo Y200e


vivo Y200e


vivo Y200e